Regarding stray animal menace

श्री राम शिरोमणि वर्मा **(श्रावस्ती) :** सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और बलराम पुर जिले सहित पूरे उत्तर प्रदेश एवं देश में आज छुट्टा जानवरों की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है । छुट्टा जानवरों की वजह से किसानों और आम जन-मानस को काफी परेशानी हो रही है । किसानों के खेतों में तैयार खड़ी फसलों को ये आवारा पशु नष्ट कर देते हैं और किसानों को इस नुकसान का कोई मुआवजा नहीं मिलता है । किसान दिन-रात खेतों में रहकर अपनी फसलों को नहीं बचा पा रहे हैं । ये आवारा पशु, जैसे नील गाय अचानक सड़कों पर आ जाती हैं, इस कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं और इन दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली जाती है । कई मोहल्लों, कस्बों, बाजारों और शहरों में इन आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है, जिसके कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है । इसके साथ-साथ राहगीरों पर इनके द्वारा हमले का खतरा भी बना रहता है ।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार से मांग करता हूं कि छुट्टा जानवरों को रोकने और उनके आवास के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर गौशालाओं का निर्माण कराया जाए और इन गौशालाओं में खाने के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था के साथ-साथ उनकी देखभाल के लिए अन्य सभी जरूरतों का भी उचित प्रबंध किया जाए, जिससे किसानों की फसलों को नष्ट होने से बचाया जा सके और इनके कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को भी रोका जा सके ।